हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025

04 मान गए साहब... हर लगी न फिटकिरी ...



07 अटकी नई सोसाइटियों के गठन की कार्वाई...





**खबर संक्षेप**

### जंक फूड स्ट्रीट फूड वेंडरों को हाइजिन संबंधी जानकारी दी गई

**सागर** । खाद्य सुरक्षा प्रशासन सागर द्वारा कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश अनुसार डॉ. ममता तिमोरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन मावा मिठाई चाट चौपाटी किराना दुकानों की सतत निगरानी की जा रही है एवं अनियमितताए पाये जाने पर विधिवत कार्यवाही की जा रही है कटरा मिनिस्पल स्कूल के पास स्थित चाट चौपाटी का निरीक्षण करने पर इंडियन मसाला डोसा, दिगम्बर चाट सेंटर पर रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। जबकि श्री नाथ पाव भाजी के दो-दो प्रतिष्ठानों का संचालन एक ही रजिस्टेशन पर करना पाया गया उक्त सभी पर वैधानिक कार्यवाही के तहत सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जायेगे। बस स्टेण्ड स्थित गब्बर चाट पर विक्रय हेतु रखे समोसा बालू साई की जांच चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राथमिक स्तर पर कराने पर रिपोर्ट निगेटिव आने पर नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। इसके अलावा साफ-सफाई एवं अन्य अनियमिताए पाये जाने पर सुधार सूचना की भी कार्यवाही की गई नवीन किराना बस स्टेण्ड में विक्रय हेतु रखे पैक्ड समोसे जिनमें लेवल सबंधी कोई भी सूचना नही पाये जाने पर नमूने संग्रहित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर**। जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर**। पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

### आंगनबाड़ी केंदों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर**। कलेक्टर के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए जिसमें रंगीन रोटी के साथ-साथ सब्जी भी प्रोटीन युक्त रहे। इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाली रोटी जिसमें मुनंगा सहित अन्य प्रोटीन का मिश्रण करके रोटी तैयार की जा रही है और सब्जी वितरित की जा रही है।

**कलेक्टर के निर्देश पर मूंग खरीदी केंद्रों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण**

# कलेक्टर संदीप जी आर की बड़ी कार्रवाई : मूंग खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर मूंग खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर बड़ी कार्यवाही करते हुए बहुउद्देशीय प्राथमिक शाख समिति, जरूआ खरीदी स्थल बी 9, जरूआ वेयर हाउस, केसली के समिति प्रबंधक संतोष चौबे एवं कम्प्यूटर आपरेटर सुनील प्रजापति के विरूद्ध एफआईआर की कार्यवाही की जाकर प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड केसली में पदस्थ कृषि विस्तार/नोडल अधिकारी अनिल मंडलोई ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी ने निर्देश अनुसार बहु उद्देश्यीय प्राथमिक शाख सहकारी समिति जरूआ खरीदी स्थल वी-9 जरूआ वेयर हाउस केसली का निरीक्षण एसएडीओ चेतन मुजाल्दे, कृषि विस्तार अधिकारी रवि कुमार मोरे, बबलू चौहान, तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह, पटवारी रामेश्वर गौड़, पुष्पेन्द्र चौधरी, धीरत मरावी, लालसींग ठाकुर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। मौके मौके पर पर समिति के कम्प्यूटर आपरेटर सुनील प्रजापति के द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार उपार्जन पोर्टल ऑनलाईन अनुसार कुल मूंग खरीदी 10063. 20 क्विंटल मात्रा प्राप्त हुई, जिसमें से भण्डारण केन्द्र को 9307.7 क्विंटल मात्रा परिवहन किया गया एवं खरीदी केन्द्र पर शेष मात्रा 755.5 क्विंटल होनी चाहिए थी परन्तु मौका स्थल पर 296 क्लिंटल नान एफएक्यू (अमानक) मात्रा पाई गई। उपरोक्त मात्रा का मिलान करने के आधार पर समिति प्रबंधक संतोष चौवे एवं आपरेटर सुनील प्रजापति द्वारा 459.5 क्विटल मूंग की मात्रा कीमत करीब 39,89,379 रूपए की अनियमितता पाई गई।

मौके पर स्थल पंचनामा एवं जप्ती कार्यवाही की गई। इस प्रकार बहु उद्देश्यीय प्राथमिक शाख सहकारी समिति जरूआ खरीदी स्थल बी-9 जरूआ वेयर हाउस केसली के समिति प्रबंधक संतोष चौबे पिता राममनोहर चौबे निवासी जैतपुर डोमा एवं कंप्यूटर आपरेटर सुनील प्रजापति पिता गणेश प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम जमुनिया चिखली विकास खण्ड केसली मूंग खरीदी में अनियमितता करने पर धारा 318 (4), 316(5) बीएनएस का अपराध घटित करना पाया गया है। जिस पर थाना गौरझामर में एफआईआर की कार्यवाही की जाकर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। कलेक्टर संदीप आर ने समस्त एसडीएम राजस्व, तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मूंग खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं आवश्यक कार्रवाई करें।कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार जिले में मूंग खरीदी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सागर ग्रामीण तहसीलदार राहुल गोंड ने डोंगसरा समिति मूंग खरीदी केंद्र तथा कमला वेयर हाउस लिधौरा खुर्द मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रक्रिया, रिकॉर्ड संधारण, तौल व्यवस्था एवं भंडारण की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देकर अनियमितताओं पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर पारदर्शी ढंग से उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



### पर्युषण महापर्व पर बड़े मंदिर गढ़ाकोटा में बड़े भक्ति भाव से मनाया जा रहा दस लक्षण महापर्व

**गढ़ाकोटा**। पर्युषण महापर्व पर बड़े मंदिर गढ़ाकोटा में बड़े भक्ति भाव से 10 लक्षण महापर्व मनाया जा रहा है जिसमें पंडित ईशान जैन शास्त्री अशोक नगर अशोकनगर से आए हैं । संगीत में पूजन, विधान, तत्वार्थ सूत्र की क्लास प्रतिदिन संपन्न हो रही है । आरती एवं दश धर्म पर प्रवचन रोज हो रहे हैं प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी यहां पर संपन्न हो रहे हैं। भक्तों में भक्ति का माहौल है और चारों तरफ धर्म रूपी गंगा प्रभावित हो रही है। समाज अध्यक्ष सचिन बैसाखियां ने बताया आगामी दिनों में अंताक्षरी तंबोला का कार्यक्रम होगा । सभी से निवेदन है कि समय पर आकर धार्मिक कार्य में सहभागिता देकर पुण्य का अर्जन करें।




### कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष का हुआ आगमन

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार के दिन कांग्रेस के नवनिर्वाचित ग्रामीण जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मुंहासा गढाकोटा पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भूपेंद्र सिंह मुहांसा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुहांसा ने रहली विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ,प्रथम नगर आगमन पर सर्वप्रथम डॉ आंबेडकर, मुख्य बस स्टैंड पर स्थित नगर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित ग्रामीण अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद दमोह रोड स्थित बन्दे मातरम ढाबा पर पर आयोजित बैठक में शामिल हो कर उपस्थित जनों के लिए संबोधित करते हुए मुहांसा ने कहा कि दुनिया में हर चीज होती हैं पैसा,रुतवा लेकिन सबसे बड़ी जो चीज होती हैं वो विश्वास हैं, ओर जो विश्वास आप सभी ने जताया वो कभी जाया नहीं होने दूंगा। संगठन सर्जन के महत्व बताते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर एक एक कार्यकर्ता की पहचान करके उसके ताकत देना उसके मान, सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा करना यही कांग्रेस पार्टी का प्रथम उद्देश्य है राजनीति दो प्रकार की होती हैं। एक सत्ता की राजनीति दूसरी एक संगठन की राजनीति यहां में संगठन की राजनीति की बात करने आया हूं। कांग्रेस पार्टी की विचार धारा को फैलाने के लिए कार्यकताओं के लिए प्रेरित किया। कार्यकताओं के लिए पार्टी के नेता राहुल गांधी के निर्देशों को बताते हुए कहा कि मुझे उसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाएं सत्ता की क्रोध करने वालों की कांग्रेस के लिए आवश्यकता नहीं है अगर कोई व्यक्ति दूसरी पार्टी से आकर चुनाव जीत भी जाता है तो मुझे उसकी आवश्यकता नहीं है जो व्यक्ति कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़े पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। सागर जिले में संगठन को नवनिर्माण की विचारधारा को लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मजीद खान, नगर अध्यक्ष लक्ष्मी कोरी, रहली से सौरभ हजारी, मुकेश जैन, भगवत शरण पटवा, महेन्द्र सागौनया, सतीश साहू, गोलू लंबरदार, कनई कोरी,प्यारेलाल पटेल, किशन नायक, रिजवान खान, पंकज पाटकर, परिचय सिंघई, प्रतीक तिवारी, इंतजार खान, महेंद्र यादव, विक्रम यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे ।



### गढ़ाकोटा महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया

**गढ़ाकोटा**। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर विविध खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य डॉ. ए. के. सिन्हा के निर्देशन में किया गया। क्रीड़ा अधिकारी राजीव दुबे ने खेल के नियमों को समझाते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत की। खेल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता जैसे टेबिल टेनिस, और कुछ मनोरंजक प्रतियोगिता जैसे स्पून रेस, सुई धागा रेस का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ.किशोरी सोनी,श शिम्पी मौर्य, दीपक बर्मन, बृजेंद्र दांगी, अभय सिंह, बृजलाल अहिरवार, शरद चौबे, सुप्रिया जैन, आस्था दुबे के साथ छात्र-छात्राएँ एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री आकृति खरे एवं आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनोद बागड़े ने माना।

### कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर ने किया शास कन्या छात्रावास का निरीक्षण

**सागर**। कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने आज शासकीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक स्थिति, रहन-सहन एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान शर्मा ने छात्राओं को उड़ान कार्यक्रम के तहत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बालिकाओं को उच्च शिक्षा, कैरियर निर्माण एवं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाएँ बेटियों के सशक्तिकरण हेतु संचालित हैं, जिनका अधिकतम लाभ लेकर छात्राएं अपने जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं। छात्रावास की व्यवस्थाओं का भी गहन अवलोकन किया और छात्राओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नन्ही बाई लोधी का चयन थल सैनिक कैंप 2025 नई दिल्ली के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट नन्ही बाई लोधी का चयन थल सैनिक कैंप दिल्ली 2025 के लिए हुआ है। नन्ही का सिलेक्शन मैप रीडिंग या मानचित्रो के उपयोग करके भौगोलिक जानकारी को समझना के लिए हुआ है थल सैनिक कैंप की ट्रेनिंग सागर ग्रुप के द्वारा विगत तीन महीना से कैडेट्स को विभिन्न विधाओं में दी जा रही है इस ट्रेनिंग के उपरांत चयनित कैडेट्स को सीएटीसी कैंप थाना में प्रशिक्षण देकर इंटर ग्रुप कंपटीशन कैंप जो की रायपुर में आयोजित हो रहे थे के लिए भेजा गया था। नन्ही बाई का चयन इस कठिन प्रशिक्षण और परिश्रम के बाद हुआ है विराट एक माह से नन्ही बाई रायपुर कैंप में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो रही है इसके बाद कैडेट का सिलेक्शन थल सैनिक कैंप दिल्ली के लिए हुआ है। आज सभी कैडेट्स रायपुर से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर चुके हैं जहां में कैडेट्स को विभिन्न चयन प्रक्रियाओं एवं कंपटीशन में भाग लेकर पुरस्कृत किया जाएगा । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता, जनभागीदारी अध्यक्ष नितिन शर्मा एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉ जय नारायण यादव, डॉ अमर कुमार जैन सहित समस्त महाविद्यालय की ओर से कैडेट नन्ही बाई को बहुत-बहुत बधाई दी गई। कैडेट ने सागर ग्रुप 7 एमपी गर्ल्स बटालियन एवं महाविद्यालय सहित सागर का नाम रोशन किया है।

### विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने निगमाध्यक्ष व अधिकारियों के साथ डेयरी विस्थापन परियोजना का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए

**सागर** । विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ डेयरी विस्थापन परियोजना अंतर्गत डेयरी विस्थापन क्षेत्र हफसिली का भ्रमण कर निरीक्षण किया । भ्रमण के दौरान डेयरी संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार पांडे एवं डेयरी के अन्य सदस्य एवं डेयरी संचालकों के क्षेत्र में संचालित सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ में पानी की टंकी के निर्माणकर्ता श्री रोहित सोनी एवं डेयरी प्रोजेक्ट को संरचनात्मक बनाने वाली कंपनी श्री राधे प्रोडक्शन जबलपुर को नालियों की सफाई ,निर्माण एवं आवश्यक कार्य कराने तथा डॉक्टर को प्रतिदिन कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने डेयरी विस्थापन परियोजना में मुकेश कुमार पांडे की डेयरी को देखकर कार्य की सराहना की। नगर निगम उपायुक्त डॉ. एस.एस. बघेल ने जानकारी दी कि डेयरी विस्थापन परियोजना में 264 डेयरी संचालकों को प्लाट आवंटित किए गए थे जिनके भौतिक सत्यापन हेतु निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री द्वारा दल गठित किया गये थे, गठित दल द्वारा सभी आवंटित प्लाटों का भौतिक सत्यापन किया गया,जिनमें 180 डेयरी मालिकों द्वारा शेड का निर्माण नहीं किया न ही स्थल पर पशुओं को रखा गया है। ऐसे सभी 180 डेयरी मालिकों को नोटिस दिए गए हैं तथा उनके आवंटन निरस्त करने की कार्वाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान साइट उपयंत्री दिनकर शर्मा, उपयंत्री महादेव प्रसाद सोनी, उपयंत्री राहुल रैकवार अपनी व्यवस्था हेतु अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।






### दिल्ली पब्लिक स्कूल में सहोदया अंतर विद्यालयीन तात्कालिक भाषण में छात्रों ने दिखाई वाकपटुता

**सागर**। दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया में सहोदया अंतर विद्यालयीन तत्क्षण (एक्सटेम्पोर) भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में खुरई, बीना और सागर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब 140 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में विचार अभिव्यक्ति की क्षमता, आत्मविश्वास, वाणी की प्रभावशीलता तथा त्वरित सोचने की कला को विकसित करना है। इसमें प्रतिभागियों को मंच पर आते ही दिए गए विषय पर सीमित समय में बिना पूर्व तैयारी के प्रभावशाली भाषण देना होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिस्टर मौली (प्रेसिडेंट ऑफ़ सहोदय), डॉ मंजू कोहली (ट्रेजर ऑफ सहोदय), रविकांत बाजपेयजुला प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर एवं विद्यालय के प्राचार्य जिजीष जोसफ के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथि गण का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के छात्रों ने सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके उपरांत प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियम बताए गए और प्रतिभागियों ने एक-एक कर अपने विचार प्रस्तुत किए। जैसे शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका, पर्यावरण संरक्षण, युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी, अनुशासन का महत्व, सामाजिक मीडिया का प्रभाव। आदि समसामयिक एवं प्रेरक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कई प्रतिभागियों ने अपने तर्कों और उदाहरणों से दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल एच.एस.वैस, सरिता विंसेंट, डा.आरती हेमरजानी ने छात्रों के विचार की मौलिकता, भाषा की शुद्धता, प्रस्तुति शैली और आत्मविश्वास के आधार पर अंक प्रदान किए।प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। जिसमें 14 वर्ष की आयु में आरव जैन दून वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्रथम, वेदांशी गोस्वामी सेंट मैरी स्कूल द्वितीय एवं स्निग्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष की आयु वर्ग में आदित्य चिरोया सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, आस्था विश्वकर्मा एम.आर.सी. स्कूल द्वितीय एवं मुदिता मोदी सेंट मैरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 वर्ष की आयु में प्रथम स्थान सोफिया श्रृष्टि, द्वितीय स्थान ऊषा सानकता, एवं तृतीय स्थान यशवर्धन राठौर सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर के छात्र/छात्राओं ने प्राप्त किया ।

**112 निजी स्कूलों का निरीक्षण किया जिसमें 11 स्कूलों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया**

# सेंट जोसेफ कॉन्वेंट,ब्लू वेल्स स्कूल सागर सहित ग्यारह निजी स्कूलों को नोटिस जारी, कार्वाई के नाम पर सिर्फ चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर जिले के निजी स्कूलों को मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन)अधिनियम 2017 तथा नियम 2020 एवं सीबीएसई के नियम, परिपत्रों के अनुसार संचालित कराने सहित अन्य विषयों को लेकर सुनवायी दिनाँक 29/8/2025 को स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष शहाबुद्दीन हाशमी (प्रथम जिला न्यायधीश) के समक्ष हुई। प्रकरण में आवेदक/याचिका कर्ता अधिवक्ता गण डॉ धरणेन्द जैन, डॉ अंकलेश्वर दुबे, रामदास राज, वीरेंद्र सिंह राजपूत, दिनेश चिरवरीय, अरविंद रवि जैन, के के प्रजापति, लवलेश श्रीवास्तव, अदिति त्रिपाठी सहित साथी अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने अधिनियम और नियमों के क्रियान्वयन हेतु एक प्रतिवेदन अदालत के समक्ष रखा।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता डॉ धरणेन्द जैन, डॉ अंकलेश्वर दुबे, रामदास राज, अरविंद जैन रवि ने संयुक्त रूप से बताया कि सागर जिले स्थित समस्त निजी विद्यालयों का संचालन अधिनियमों, नियमों, परिपत्रों के अनुसार संचालन हेतु एक आवेदन पत्र अदालत में दिनाँक 25/3/25 को प्रस्तुत किया था जिसका प्रकरण क्रमांक 25/2025 है । उक्त लंबित प्रकरण में सचिव सीबीएसई, जिलाधीश सागर एवं जिला शिक्षा अधिकारी सागर को अदालत द्वारा नोटिस जारी किए गए।

अदालत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं दस्तावेज के अनुसार दिनाँक 11/8/25 को संबंधित अधिनियम की धारा 7(1) के अनुसार जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष जिला कलेक्टर सागर, सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी सागर, सदस्य जिला कोषागार अधिकारी सागर एवं सहायक संचालक शिक्षा को बनाया गया और 11/8/25 को ही उक्त समिति की बैठक आयोजित की गयी और दिनाँक 14/8/25 को कलेक्टर सागर ने निजी विद्यालयों की सतत मानीटरिंग हेतु 12 निरीक्षण दल बनाए। उपरोक्त दलों ने प्रतिवेदन के अनुसार कुल 112 निजी स्कूलों का निरीक्षण किया जिसमें 11 स्कूलों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया शेष स्कूलो की जांच हेतु समय माँगा गया शेष स्कूलों का निरीक्षण एवं निरीक्षण रिपोर्ट प्रतीक्षारत है।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता डॉ धरणेन्द जैन, डॉ अंकलेश्वर, रामदास राज, वीरेंद्र सिंह, दिनेश चिरवरीय, अरविंद जैन रवि ने संयुक्त रूप से बताया कि जो 11 स्कूलों में निरीक्षण के दौरान कमियां पायी गयी हैं उनको चेतावनी नोटिस की बजाय सीधी कार्यवाही प्रस्तावित की जानी चाहिए थी, जिस स्कूलों में फीस अधिक ली है उन स्कूलो को निर्देश जारी होने चाहिए कि अभिभावकों या बच्चों की अधिक ली गयी फीस लौटाना चाहिए।

### मैदान का राजशाही दौर का मूल रूप लौटाने दान में मिले पौध व ट्रीगार्ड का किया उपयोग

# मान गए साहब... हर्र लगी न फिटकिरी और ऐतिहासिक ढोंगा मैदान का रंग भी चोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





राजशाही दौर में पोलो ग्राउंड के रूप में उपयोग किए जाने वाले ऐतिहासिक व खूबसूरत ढोंगा ग्राउंड का ताड़ से घिरा हुआ पुराना रूप लौटाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने मुफ्त में सभी इंतजाम कर अद्भुत प्रयास करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित कर ढोंगा ग्राउंड के चारो ओर 5 सौ ताड़ के पौधों का रोपण किया। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिये 5 सौ ट्रीगार्ड लगबाने का भी इंतजाम किया। यह प्रयास अद्भुत इसलिए कहा गया है क्योंकि ढोंगा मैदान को संवारने के लिये लाखों रूपये कीमत का यह सारा इंतजाम शहर के व्यापारियो व सरकारी सुविधाओं का दान रूप में उपयोग कर मुफ्त में किया गया है। जिसका प्रशासन को शासकीय फंड से कोई भुगतान नहीं करना होगा। लगाए गये पौध और ट्रीगार्ड का एक रूपये का बिल भी नहीं बनाया जायेगा। मतलब कलेक्टर श्रोत्रिय व सीएमओ भदौरिया के प्रयासों से हर्र लगी, न फिटकिरी और रंग रूपी ढोंगा मैदान का स्वरूप भी चोखा होने बाला है। राजशाही दौर की तरह ही कुछ महीनो बाद ढोंगा मैदान पुनः ताड़ के पेड़ो से घिरा हुआ दिखाई देगा।

### विनोदकुंज में की पौध तैयार और व्यापारियों से लिया ट्रीगार्ड का दान

राजशाही दौर में ढोंगा ग्राउंड के चारो ओर ताड़ के पेड़ों का घना समूह था जो ग्राउंड के चारो ओर दीवालनुमा दिखाई देता था लेकिन समय के गुजरते चक्र के साथ ताड़ के पेड़ सूखने और टूटते चले गये। जिस पर किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी नें ध्यान नहीं दिया। लेकिन फिर ज़ब जिला कलेक्टर रूप में विवेक श्रोत्रिय और नपा सीएमओ रूप में ओमपाल सिंह भदौरिया जिले में आए तो उन्होंने जिले के ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार करना प्रारंभ किया। इसी क्रम में ढोंगा मैदान का कायाकल्प करने की रुपरेखा बनाई गई। लेकिन ढोंगा मैदान के इस कायाकल्प कार्य को शासकीय राशि के उपयोग के बिना पूर्ण करने का रचनात्मक कार्य करते हुए ताड़ के पेड़ो की 500 पौध उद्यानिकी विभाग के सहयोग से चकरा रोड स्थित विनोदकुंज में स्वयं तैयार की गई। इसके साथ ही शहर के गल्ला व्यापारी संघ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें 500 ट्रीगार्ड दान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे मुफ्त में ढोंगा मैदान में पौधरोपण कर ट्रीगार्ड लगाये गये। जिससे कुछ महीनो में ही शहरवासियो को ऐतिहासिक ढोंगा मैदान में पुरानी सुंदरता लौटती हुई दिखाई देगी।

### 19वीं सदी में भगवंत सिंह ने पोलो खेलने के लिए वनवाया था ढोंगा ग्राउंड

ढोंगा मैदान के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए राजपरिवार के सदस्य व फ़ोर्टव्यू होटल के मालिक राजा विश्वजीत सिंह ने कहा कि 1938 तक ओरछा रियासत पर शासन करने बाले महाराजा प्रताप सिंह के दो पुत्र थे। जिनमे से एक राजा बहादुर साब भगवंत सिंह और दूसरे सावंत सिंह थे। इनमे से राजा बहादुर साब भगवंत सिंह नें अपने पिता महाराजा प्रताप सिंह के शासनकाल में ही 19वी सदी में पोलो खेलने के लिये ढोंगा मैदान बनबाया था। जो राजशाही दौर में पोलो ग्राउंड कहलाता था। चुंकि राजा बहादुर साब भगवंत सिंह खेलो के बहुत शौक़ीन थे इसलिए इन्होने पोलो खेलने के लिये 52 एकड़ का ढोंगा ग्राउंड बनबाया। तब मैदान के चारों ओर दीवार रूप में एक हजार से अधिक ताड के पेड़ों को गोलाकार लगाया गया था। और इन्ही गोलाकार ताड़ के पेड़ो के बीच स्थित मैदान में राजा बहादुर साब भगवंत सिंह घुडसवारी करके पोलो मैच खेलते थे। राजा बहादुर साब भगवंत सिंह के द्वारा ही भगवंत क्लब का भी गठन किया गया था।



### शहर की धरोहर और कई खेल प्रतियोगिताओं का केंद्र है ढोंगा मैदानः कलेक्टर श्रोत्रिय

कलेक्टर विवेक श्रोतिय नें कहा कि ढोंगा मैदान शहर की खूबसूरत और ऐतिहासिक धरोहर है, जो हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताओं का केंद्र रह चुका है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार और भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने ढोंगा ग्राउंड के जीर्णोद्धार का सुझाव रखा था। जिसके बाद हमने यह प्रयास किये। नए पेड़ लगने से मैदान की पुरानी सुंदरता वापस लौट आएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, केके श्रीवास्तव, विवेक चतुर्वेदी, रविंद्र श्रीवास्तव समेत कई नेतागण, गल्ला व्यापारिगण व शहरवासी मौजूद रहे।

### अब दो बार में भी की पेट्रोल चोरी !

## चोरी सीनाजोरी व लापरवाही का पर्याय बना पलेरा का पंप चर्चा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा





जिले के पलेरा नगर में नौगांव जतारा रोड पर स्थित पेट्रोल पंप एक बार फिर अपनी करतूत के लिये चर्चाओं में आ गया है। इस बार तो पेट्रोल पंप कर्मचारी ने एक ही ग्राहक को एक ही समय में दो बार पेट्रोल दिया लेकिन दोनों बार पेट्रोल चोरी की गई। पहली बार में दिए पेट्रोल में ज़ब चोरी पकड़ी गई तो दूसरी बार में गलती सुधारने के लिये पूरा पेट्रोल देने के दौरान भी पुनः कम पेट्रोल दिया गया, और ज़ब ग्राहक ने बार बार पूँछा कि पेट्रोल कम क्यों दे रहे हो तो पेट्रोल भरने बाला पंप कर्मचारी ही दबँगई से बोला कि हमे क्या पता कि पेट्रोल कम क्यों दिया गया। मतलब चोरी और ऊपर से सीनाजोरी। इसके पूर्व एक पेट्रोल कार में डीजल भर देने के बाद भी पंप पर हुए विवाद की बजह से भी उक्त पेट्रोल पंप चर्चा में आया था।

अब एक बार फिर उक्त पेट्रोल पंप पर धोखाधड़ी किये जाने का मामला सामने आया है। पलेरा नगर के प्रसिद्ध हरितला मंदिर के द्वार के सामने नौगांव जतारा रोड पर स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के साथ की जा रही खुलेआम पेट्रोल चोरी की शिकायतें होने के बाबजूद भी प्रशासन रहस्यमय चुप्पी धारण किये हुए है। उक्त मामला तब उजागर हुआ जब एक ग्राहक ने खुद अपने साथ हुई गड़बड़ी को मौके पर ही पकड़ लिया और इसका वीडियो बनाकर बायरल किया गया। जिसमें पंप पर तैनात युवक दो बार पेट्रोल देने के बाद भी पेट्रोल कम देता हुआ दिखाई दे रहा है। यह पूरा मामला एक ग्रामीण के द्वारा 5 लीटर पेट्रोल एक कुप्पी में लेने के बाद सामने आया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट देखा जा रहा है कि ग्रामीण के द्वारा पेट्रोल पंप पर कुप्पी में 5 लीटर पेट्रोल डलवाया था। जब मशीन द्वारा 5 लीटर पेट्रोल डाले जाने के बाद ग्रामीण को अपनी कुप्पी में पेट्रोल की मात्रा कम दिखाई दी, तब ग्रामीण ने उक्त पेट्रोल को लीटर से मापने के लिये कहा। जिस पर कुछ देर तक तो पंप कर्मचारी द्वारा बहस की गई। लेकिन उपभोक्ता द्वारा अपनी मांग पर अड़े रहने के बाद अन्य ग्राहकों की मौजूदगी में जब पेट्रोल को मापा गया। तब पेट्रोल की मात्रा कम पाई गई। तब उपभोक्ता को दोबारा पेट्रोल दिया गया लेकिन फिर से पेट्रोल कम पाया गया। हरिभूमि समाचार वायरल वीडियो की पुष्ठी नहीं करता। बालाजी पेट्रोल टोल पंप पर मौजूद अन्य ग्राहकों का कहना था कि बालाजी पेट्रोल पंप पर यह कोई पहली घटना नहीं है। वे पहले भी कई बार इसी पंप से डीजल और पेट्रोल भरवाते रहे हैं। और अक्सर पेट्रोल डीजल कम देने की शिकायतें की गई। लेकिन अब उन्हें यकीन हो गया है कि यहां ग्राहकों के साथ नियमित रूप से धोखाधड़ी की जा रही है। बालाजी पेट्रोल पंप पर ठगी का शिकार हुए ग्रामीण ने बताया कि पंप पर उसके गांव के कई ट्रैक्टर नियमित रूप से ईंधन भरवाने बालाजी पेट्रोल पंप पर आते हैं लेकिन यहाँ उपभोक्ताओं के भरोसे का गला घोटा जाता है। जब उन्होंने खुद अपने सामने धोखाधड़ी देखी तो उन्होंने पंप कर्मचारियों से सीधी बात की। शुरुआत में बहानेबाज़ी की गई। लेकिन जब मौजूद ग्रामीण ग्राहकों ने सख्ती दिखाई तो पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने पेट्रोल की मात्रा को पूर्ण करते हुए मशीन की गड़बड़ी का बहाना बनाकर ग्राहकों को बहलाने का प्रयास किया। ऐसे में ठगी का शिकार हुए मौजूद ग्राहकों की मांग है कि संबंधित विभाग द्वारा पेट्रोल पंप की नियमित जांच कर कार्यवाही की जाए। सीसीटीवी फुटेज निकाले जाएं और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही पलेरा नगर के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी परीक्षण शुरू किया जाए। ताकि उपभोक्ताओं के साथ हो रही धोखाधड़ी को रोका जा सके।

### सफलता मेहनत से नहीं बल्कि अनुशासन व लक्ष्य निर्धारण से मिलती: एसपी मंडलोई



**टीकमगढ़।** छात्राओं की प्रतिभा ही जिले का गौरव है और हमारी योजना का उद्देश्य है आप छात्राओं को अवसर, सुरक्षा और विश्वास देना। इसलिए आप निडर होकर आगे बढ़ें। आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। दृढ़ स्वर के साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने यह विशेष संवाद छात्राओं के साथ माँ तुझे सलाम अभियान के तहत किया। जिसमें छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनके करियर के सपनों, संघर्ष और सफलता पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में छात्राओं के साथ एक प्रेरणादायी संवाद आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, लगन और लक्ष्य निर्धारण करने से मिलती है। इसलिए अपने सपनों को दिशा दीजिए और विश्वास रखिये, मंज़िल खुद आपके कदम चूमेगी। इसी क्रम में माँ तुझे सलाम योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने छात्राओं को बताया कि यह पहल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प है। संवाद के दौरान एसपी मंडलोई ने महिला सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन करने की समझाइश दी और शासकीय योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम में खेल विभाग के कोच, शिक्षक तथा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समापन पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पुलिस अधीक्षक मंडलोई के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया और एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगी।

प्रसिद्ध कवियत्री डॉ परमार ने वर्तमान निर्मित स्थिति पर लिखा मर्मस्पर्शी व्यंग

## मुझे देवी भी बनाया और भिखारी भी, गौमाता की इंसानी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की प्रसिद्ध कवियत्री और व्यंगकर एवं जिला उपभोक्ता फोरम न्यायलय की सदस्या डॉ प्रीति सुरेन्द्र सिंह परमार ने जिले में निर्मित गौमाता की दयनीय स्थिति को लेकर व्यंगात्मक लेख लिखा है। जिसमें बताया गया है कि किस प्रकार एक तरफ तो इंसानों द्वारा गौचर जमीन पर कब्जा कर गौमाता की भोजन रूपी जमीन छीन ली गई। हरियाली के उत्पादक जंगलो को नष्ट किया जा रहा। फर्जी गौसेवक बनकर कागजो में गौशाला संचालित दिखाकर गौमाता के नाम पर चंदा उगाही व शासकीय राशि हड़पकर कमाई का जरिया बनाया जा रहा। गौपालक बनकर गौमाता का दोहन कर उन्हें सड़को पर बेसहारा छोड़ा जा रहा। जिससे सड़को पर आबागमन में बाधक बनने पर आरोपित कर गौमाता को पीटा व बाहनो के नीचे कुचला जा रहा। दूसरी तरफ गौमाता को माँ का दर्जा दिया जा रहा और उस पर स्वार्थी राजनीति की जा रही।

गौमाता की इसी दयनीय स्थिति को व्यंग रूप में लिखते हुए व्यंगकार डॉ प्रीति सिंह परमार ने कहा कि इंसानी जनसुनवाई का मंच वैसे ही सजा था, जैसे शादी में मंडप। फर्क बस इतना कि यहां दूल्हे की जगह नेताजी थे और शहनाई की जगह माइक




से निकलता खरखराता भाषण था। जिसमें किसान अपनी फसल का मुआवज़ा माँग रहे थे, बेरोज़गार युवक नौकरी की फरियाद लिए खड़े थे, और अफसर लोग अपनी डायरी में वही पारंपरिक तीन लाइनें लिखने को तैयार बैठे थे कि ₹मामले पर विचार किया जाएगा। कार्यवाही हेतु समिति गठित की जाएगी। लेकिन तभी भीड़ का शोर अचानक थम गया। जैसे बिजली कट गई हो। भीड़ को चीरते हुए एक फरियादी आईं। यह फरियादी कोई साधारण नहीं थीं। यह खुद गौमाता थीं।हड्डियों से झाँकती पसलियों के साथ, आँखों में आँसू और पैरों में थकान के साथ सामने ख़डी थी। जिन्हे देखकर सभा में सन्नाटा छा गया। लोगों को ऐसा लगा जैसे किसी ने उनके सामने आईना रख दिया हो। तभी गौमाता बोलीं, हे इंसानो! सुना है, यहाँ जनसुनवाई में हर दुख का इलाज मिलता है, तो मैं भी आ गई हूँ। बताओ, मेरी सुनवाई कौन करेगा? मेरी गोचर भूमि तुम्हारी कोठियों में समा गई। मेरी गौशालाएँ तुम्हारी फाइलों में बंद हो गईं। मुझे तुमने सड़कों पर आवारा छोड़ दिया। तुम कहते हो कि मैं माँ हूँ। पूजा करते हो। और फिर उसी हाथ से डंडा भी मारते हो। क्या यही तुम्हारा धर्म है? यही तुम्हारी सेवा है? भीड़ में बैठे लोग चुप हो गए। पर नेताजी मुस्कुराए, जैसे चुनावी सभा में पुराना जुमला याद आ गया हो। बोले, गौमाता, आपके लिए हमारी सरकार नई योजना ला रही है। तब गौमाता कड़वाहट से हंसते हुए बोली, योजना? कितनी योजनाएँ बनीं अब तक? हर योजना में हमारा दूध दुहा गया, हमारे नाम पर चंदे उठाए गए, भाषण हुए, वोट मिले। नतीजा? हम अब भी सड़क पर मरते हैं, ट्रकों के नीचे पिसते हैं। तुम्हारी योजनाओं से तो जंगल का भेड़िया भला था। वह खाता था तो कम से कम ईमानदारी से खाता था। तुम इंसान तो पहले हमें माँ कहते हो, फिर बूढ़ी होने पर सड़क पर धकेल देते हो। कैसी औलाद हो तुम? यह सुनते ही सभा में तालियाँ बजीं।

### होटल व गार्डन में होने वाले गरबा बंद कराने व अनुमति न देने की मांग

## आस्था की जगह इवेंट बनते जा रहे गरबा को लेकर बजरंगदल ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नवरात्रि के धार्मिक उत्सव के समय मातारानी की भक्ति करने के स्वरूप में होने वाले गरबा को अब देवीपंडालो की जगह होटलों एवं गार्डन स्थलों पर इवेंट रूप में आयोजित किये जाने के विरुद्ध बजरंगदल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि आस्थारूपी गरबा को इवेंट की तरह होटलों एवं गार्डन में आयोजित करने के लिये प्रशासन द्वारा अनुमति न दी जाए और ऐसे आयोजनो को बंद कराया जाये। जिससे आस्था के साथ खिलबाड़ न हो सके।

बजरंगदल पदाधिकारी अशोक सेन एबं नीलेश उटमालिया ने कहा कि गरबा होना अच्छी बात है, परन्तु यह आयोजन होटलों में नहीं बल्कि अपने मुहल्ले के दुर्गा पंडालो में किया जाये। जिसमें देवी मां की मूर्ति के समक्ष गरबा किये जाने में प्राथमिकता मां की पूजा अर्चना करना होगी। ऐसे में गरबा में अनावश्यक फिल्मी गाने पर फूहड़पन भी नहीं होगा और न ही कोई परेशानी आएगी। बजरंगदल द्वारा प्रशासन को दिए गये ज्ञापन में कहा गया कि गरबा किया जाना हिंदू संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। जिसमें हम नवरात्रि के दिनों में गरबा के माध्यम से माता रानी की भक्ति कर उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। देवी पंडालो में किया जाने बाला गरबा सही है क्योंकि देवी पंडालो में गरबा धार्मिक व भक्ति से परिपूर्ण होगा। लेकिन आज के समय में पाश्चात्य संस्कृति के चलते गरबा दुर्गा पंडालों की जगह होटलों और गार्डन में किया जा रहा है। जिससे गरबा एक आस्था को छोड़कर अब एक इवेंट बन गया है।और यह इवेंट गरबा का नाम देकर होटल एवं गार्डन में किया जाता है। जहां हमारी बहन बेटियों को असमाजिक तत्वों से असहजता झेलनी पड़ती है। जो पूर्णतः वर्जित होना चाहिए। ज्ञापन में प्रशासन से मांग करते हुए कहा गया कि होटल एवं गार्डन में होने बाले गरबा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए एवं ऐसे आयोजनों को अनुमति न दी जाए।

### शान ए पार्क में मनाई गई जन्मशताब्दी और 41वीं पुण्यतिथि, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

# स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार, जनसेवा के पुरोधा रहे पीताम्बर अध्वर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

खादी आंदोलन से लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया तक, सत्य और निर्भीकता के प्रतीक पीताम्बर अध्वर्यु का जीवन आज भी प्रेरणा देता है। जिले का गौरव रूप में पहचाने जाने वाले पीताम्बर अध्वर्यु की पुण्यतिथि पर शाने पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जहां सभी ने पुष्प अर्पित किये। सभा की अध्यक्षता सुरेश मिश्रा, मुख्य उपस्थित में पवनघुवारा, मनोज चौबे, मुन्ना लाल, स्वप्निल तिवारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष कौशल किशोर भट्ट सहित सभी वरिष्ठ पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति रही। 30 अगस्त को जिले के गौरव पीताम्बर अध्वर्यु की जन्मशताब्दी और 41वीं पुण्यतिथि मनाई जाती है। 30 अगस्त 1977 को 61 वर्ष की आयु में देवलोक गमन करने वाले अध्वर्यु शिक्षा, स्वतंत्रता संघर्ष, पत्रकारिता और जनसेवा,चारों मोर्चों पर अद्वितीय पहचान रखते थे।

12 जुलाई 1918 को टीकमगढ़ में जन्मे अध्वर्यु, ओरछा राज्य के तहसीलदार पंडित परमेश्वरी दयाल अध्वर्यु के इकलौते पुत्र थे। 1938 में सवाई महेन्द्र हाई स्कूल, 1940 में कानपुर से इंटर और 1942 में प्रयाग विश्वविद्यालय से स्नातक,जिले के प्रथम स्नातक होने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ। ओरछा राज्य की छात्रवृत्ति पर दिल्ली में अकाउंट एवं ऑडिट की उच्च शिक्षा पूरी कर नेनीताल स्थित भारत सरकार के संस्थान में 1947 तक अकाउंट ऑफिसर रहे, पर 18 दिसंबर 1947 को स्वतंत्रता आंदोलन की पुकार पर पद त्याग दिया।

### पुलिस को चकमा देकर किया पंडित नेहरू का स्वागत

अध्वर्यु का जीवन संघर्ष से मुखर रहा। 1936 में आठवीं कक्षा के छात्र रहते टीकमगढ़ प्रवेश सीमा पर बड़ा सत्याग्रह किया। 1937 में नौवीं में थे, तब खिरिया नाके पर पुलिस की निगरानी को चकमा देकर पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्वागत करने पहुँचे। विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार कर आजीवन खादी धारण की और टीकमगढ़ में खादी भंडार की स्थापना की।



### बुंदेलखंड में 'भैयाजी' नाम से बने लोक-आस्था का पर्याय

आजादी के बाद दिल्ली प्रवास के दौरान ही टाइम्स ऑफ इंडिया से जुड़े। 1949 में स्वयं संचालित साप्ताहिक विन्द्रय-वाणी उल्लेख बिन्धबाण नाम से भी मिलता है के माध्यम से विनोबा भावे के विचारों का व्यापक प्रचार किया। इसके साथ-साथ हिंदुस्तान टाइम्स, इंडियन एक्सप्रेस, क्रोनिकल, हितवाद, लीडर, पीटीआई और मधुकर बनारसीदास चतुर्वेदी संपादित सहित हिंदी-अंग्रेजी के लगभग 20 पत्र-पत्रिकाओं में नियमित लेखन किया। उनकी लेखनी निर्भीक, तथ्यों पर आधारित और जनपक्षधर रही। यही कारण था कि वे बुंदेलखंड में भैयाजी नाम से लोक-आस्था का पर्याय बन गए।

### छुआछूत, जात-पात व जातिवादी राजनीति के रहे कट्टर विरोधी

पीताम्बर अध्वर्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय अधिवेशनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। अप्रैल 1948 में विन्ध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अवधेश प्रताप सिंह, गृहमंत्री लालाराम वाजपेयी और वित्तमंत्री चतुर्भुज पाठक के साथ विधानसभा सचिव का कार्य किया। 1950 में रफी अहमद किदवई के साथ कांग्रेस से अलग होकर किसान मजदूर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में शामिल हुए। 1951 में झोंपड़ी चुनाव-चिह्न पर और 1962 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। छुआछूत और जात-पात के कट्टर विरोधी, मूलत धर्मनिरपेक्ष दृष्टि, परंपरा-सम्भाल और सामाजिक समरसता ही उनकी सार्वजनिक पहचान रही।

### जिले में महाविद्यालय स्थापना के लिए चलाया जनसंग्रह अभियान

पीताम्बर अध्वर्य ने जिले में महाविद्यालय की स्थापना हेतु एक लाख रुपये के जनसंग्रह अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके बाद विधि लॉ कॉलेज की स्थापना भी साकार हुई। वे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संस्थापक सचिव और जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के संस्थापक अध्यक्ष रहे। आर्थिक स्वावलंबन की जड़ों को मजबूत किया।

### जनहित में पेंशन वापस कर बने त्याग के प्रतिबिम्ब

आजादी की रजत जयंती 15 अगस्त 1973 को मध्यप्रदेश शासन ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का औपचारिक स्मरण किया, भारत सरकार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन और ताम्रपत्र मिला। लेकिन पेंशन उन्होंने जनहित में लौटाई। यही त्याग उनकी पहचान है। इस तपस्यामय यात्रा में जीवनसंगिनी प्रेमलता अध्वर्यु का योगदान अनकहा होते हुए भी अनमोल रहा। 30 अगस्त 1977 को यह विलक्षण, बहुमुखी प्रतिभा के धनी कर्मयोगी नें दुनिया से विदा ली।

## श्योपुर जिले में होना है 12 नई सोसाइटियों का गठन

# अटकी नई सोसाइटियों के गठन की कार्रवाई, बढ़ रहा किसानों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार हर पंचायत में सहकारी समितियों का गठन कर रही है। इसी क्रम में श्योपुर जिले में 12 सहकारी समितियों का पुनर्गठन करते हुए जिले में 12 नई सोसायटियों का गठन किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सोसायटी स्तर पर नई सोसायटियों के गठन को लेकर साधारण सभा की कार्रवाई सम्पन्न हुए कई दिन बीत गए है,लेकिन फिलहाल यह कार्रवाई अटकी नजर आ रही है। इसकी वजह सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त के श्योपुर जिले में नहीं आना बन रहा है।

बताया जा रहा है कि श्योपुर के सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मुरैना के सहायक आयुक्त है। लेकिन वे यदाकदा ही श्योपुर जिले में आते है और सहकारिता विभाग को ही नई सोसायटियों के गठन की कार्रवाई को अंतिम रूप देना है। लेकिन सहायक आयुक्त के नहीं आने के कारण फिलहाल यह कार्रवाई अटकी नजर आ रही है। उधर किसानों का अपने गांवों में नई सोसायटियां खुलने का इंतजार बढता जा रहा है और उन्हें खाद बीज लेने के लिए पहले की भांति दूसरे गांवों की सोसायटियों में चक्कर लगाने को मजबूर होना पड रहा है। यहां बता दें कि सरकार सहकारिता को बढावा देने के लिए हर पंचायत स्तर पर सोसायटियों का गठन करने की कार्रवाई कर रही है। ताकि किसानों को आसानी से खाद बीज की उपलब्धता हो सके। इसके लिए शासन के द्वारा एक अगस्त तक नई सोसायटियों के गठन की कार्रवाई पूर्ण किए जाने और एक सितंबर 2025 से नई सोसायटियों का संचालन शुरू किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए है। विभागीय सूत्र बता रहे है कि प्रदेश के कई जिलों में सोसायटियों के पुर्नगठन की कार्रवाई लगभग पूर्ण कर ली गई है तथा 1 सितंबर से नई सोसायटियों का संचालन भी शुरू हो जाएगा। मगर श्योपुर जिले में नई सोसायटियों के गठन की कार्रवाई फिलहाल कागजों में उलझी नजर आ रही है। इस संबंध में श्योपुर के प्रभारी सहायक आयुक्त भास्कर शर्मा से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर दो बार कॉल किया गया,लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।




### सहकारी साख संस्थाओं की पुर्नगठन होगा

बताया गया है कि श्योपुर जिले में सहकारी साख संस्थाओं की पुर्नगठन की कार्रवाई के तहत 12 सहकारी साख संस्थाओं का पुर्नगठन किए जाने की कार्रवाई प्रचलित है। जिनमें विजयपुर, अर्रोद, गसवानी, गढी, आवदा, उतनवाड, प्रेमसर, विजरपुर, दांतरदा, मानपुर, जमूर्दी, रघुनाथपुर शामिल है। इन सोसायटियों में शामिल गांवों में नई सोसायटियों का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

### ये मिलेगा लाभ

बताया जा रहा है कि मुख्यालय इन समितियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगा। इन समितियों को बहुउद्देशीय बनाया जाएगा। इन्हें कृषि के साथ ही अन्य कार्य के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसमें जन औषधि केंद्र, पेट्रोल पंप, इसके साथ ही सीएससी सहित अन्य कार्य कर सकेंगे।

### इन गांवों में खुलना है नई सोसाइटी

सहकारी साख संस्थाओं के पुर्नगठन की कार्रवाई के तहत श्योपुर जिले में 12 नई सोसायटियों का गठन होना प्रस्तावित है। बताया गया है कि विजयपुर विकासखंड क्षेत्र में विजयपुर सोसायटी में से नई सोसायटी गोहटा में, अर्रोद सोसायटी में से उमरी में नई सोसायटी, गढी में से दोर्द गांव,गसवानी में से बडौदाकला, रघुनाथपुर में से सुठारा, जमूर्दी में से टर्राखुर्द गांव में नई सोसायटी खोली जाएगी। इसी प्रकार श्योपुर विकासखंड में संचालित उतनवाड की सोसायटी में से बाजरली, प्रेमसर में से आमल्दा, दांतरदा में से बनवाडा, मानपुर में से जैनी, विजरपुर में से पच्चीपुरा तथा कराहल विकासखंड की आवदा सोसायटी में से पहेला गांव में नई सोसायटी खोली जाना है। बताया जा रहा है कि इसके लिए सोसायटी स्तर पर साधारण सभा की कार्रवाई सम्पन्न हो चुकी है। जिसके चलते क्षेत्रीय किसानों को नई सोसायटियों का खुलने का इंतजार बना हुआ है।

### इनका कहना...

इस मामले में हमारी तरफ से कोई देर दार नहीं है। जिन सहकारी साख संस्थाओं में पुर्नगठन की कार्रवाई होना है,उनमें साधारण सभा की कार्रवाई सम्पन्न कराई जा चुकी है। जिसकी जानकारी सहकारिता विभाग की ओर भेज दी गई है।

**दिनेश गुप्ता**
**नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक श्योपुर**

जिले में चल रही नई सोसायटियों के गठन की कार्रवाई को अटकने नहीं देगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेगे ताकि गठन की कार्रवाई समय सीमा में पूरी हो सके।

**रूपेश उपाध्याय**
**अपर कलेक्टर,श्योपुर**

## हड़ताल से ठप हो सकते हैं नामांतरण-बंटवारे के काम

# पटवारियों ने ज्ञापन सौंपकर दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश के पटवारी 1 सितंबर से हड़ताल पर जा सकते हैं। उनकी मुख्य शिकायत है कि नया जीआईएस 2.0 पोर्टल उपयोग में आसान नहीं है और बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों से काम प्रभावित होता है। इस कारण नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन और नकल जैसी सेवाएं ठप हो रही हैं। किसान समय पर खसरा, बी-1 और अन्य दस्तावेज नहीं निकलवा पा रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि जब तक पोर्टल की खामियां दूर नहीं की जाती, वे कामकाज का बहिष्कार करेंगे। शासन की ओर से नया वेब जीएसएस 2.0 पोर्टल लांच किया गया है। जिसमें किसानों के साथ ही आम नागरिकों को आनलाइन भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं मिलती है। इसी के जरिए डायवर्सन, नक्शा, विभाजन और केवाईसी, नामांतरण, नकल आदि संबंधी काम किए जाते हैं।

बताया जा रहा है कि राज्य सरकार जमीनों से जुड़े सभी काम ऑनलाइन करना चाहती है, लेकिन नया पोर्टल यूजर फ्रेंडली नहीं होने के कारण कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। यह नया पोर्टल कई तकनीकी खामियों की वजह से पटवारियों को परेशान कर रहा है। इसे लेकर पटवारी नाराज हैं और लामबंद होना शुरू हो गए हैं, प्रदेश स्तरीय इस आंदोलन के तहत श्योपुर में भी पटवारी लक्षित हड़ताल से जुड़ा गया प्रमुख सचिव के नाम दे चुके हैं।



### पटवारियों की मांग

- -जीआईएस 2.0 पोर्टल की तकनीकी खामियां दूर की जाएं।
- -स्थिर और उपयोगी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाए।
- -फील्ड स्टाफ पर कार्रवाई न होकर सिस्टम सुधार पर ध्यान दिया जाए।
- पटवारियों को अनावश्यक नोटिस ओर निलंबन की कारवाई बंद की जाए

### क्या होगा असर

- -किसान समय पर जमीन संबंधी कार्रवाई नहीं कर पाएंगे।
- -ऋण, फसल बीमा, अनुदान के लिए जरूरी दस्तावेज अटक सकते हैं।
- -आम नागरिकों को नामांतरण, रजिस्ट्री जैसे कार्यों में दिक्कत हो सकती है।
- -सरकारी राजस्व कार्य ठप हो सकते हैं।
- -मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायतें और बढ़ सकती हैं।

# ईद मिलादुन्नबी जुलूस में डीजे बैंड बाजा आतिशबाजी प्रतिबंधित, रूट भी परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मोत्सव 12 रबी उल अव्वल 5 सितंबर जुमा (शुक्रवार) को अदब व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में निकाले जाने वाले जुलूस में शरीयत में नापंदीदा माना गया बैंड, बाजा, डीजे, और आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शहर में निकाले जाने वाले जुलूस के रूट में भी बदलाव करते हुए जुलूस का रूट अधिकतर मुस्लिम बस्तियों से होकर गुजरेगा। यह घोषणा शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने सभी मुस्लिम तंजिमों से मशविरा करने के बाद लिया जिसमें शहर के भीतर जुलूस निकालने वाले दो दर्जन से अधिक मदरसा संचालकों की स्वीकृति भी शामिल है। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद शहर काजी की इस घोषणा की जानकारी सभी मस्जिदों में नमाज़ पढ़ाने वाले इमाम ने ऐलान कर दी।

बीते दिनों शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में उन सभी मदरसा संचालकों को बुलाया गया था जो हर साल ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बच्चों के साथ बाजार में जुलूस निकालते हैं, साथ ही उन लोगों को भी बुलाया गया था जो त्योहार के समय ऊंट, घोड़े, बग्गी इत्यादि पर बैठकर जुलूस को भव्य बनाने का प्रयास करते हैं मीटिंग में उलमा ए दीन ने ऊंट घोड़े बैंड बाजा और पटाखे को इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ बताते हुए कहा कि इस्लाम में ऐसा कोई भी अमल अल्लाह की नजर में पसंदीदा नहीं है जो दूसरों को छोटा बताएं या दिखावा करने वाला हो। इसलिए इस साल जुलूस में बैंड बाजा डीजे के साथ आतिशबाजी पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा साथ ही जुलूस के रूट में हर साल की तरह थोड़ा बदलाव किया है। जुलूस हर साल की तरह मदरसा फारुकिया कर्बला रोड से निकलेगा जो बड़ा इमामबाड़ा छारबाग टीला मोहल्ला, बौहरा बाजार, सुबात चौराहा से मेन बाजार गांधी पार्क के स्तंभ से 6 मजार होता हुआ पुरानी पुलिस लाइन के सामने श्री रामतलाई हनुमान मंदिर के आगे से वापस जय स्तंभ गांधी पार्क और यहां से मेन बाजार से सुबात चौराहा पहुंचेगा यहां से जुलूस गणेश बाजार के बजाए किला रोड से भैंसपाड़ा कर्बला रोड होते हुए नौगजा पीर कर्बला के पास पहुंचकर सम्पन्न होगा।

# समाजसेवी शिक्षक संतोष को विद्यालय स्टाफ ने सेवा निवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समाजसेवी शिक्षक संतोष मिश्रा को सेवानिवृत्ति निवृत्ति पर श्योपुर के एक्सीलेंस विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान साथी स्टाफ ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया।



शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर के व्याख्याता संतोष मिश्रा ने प्राचार्य रहते हुए स्कूल के विकास के लिए जो सहयोग प्रदान किया था वह अतुलनीय रहा। मिलनसार प्रवृत्ति के शिक्षक मिश्रा छात्र-छात्राओं के बीच भी काफी लोकप्रिय थे। स्कूल के प्रिंसिपल सीताराम आदिवासी और स्टाफ ओर स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

# बहू के आरोप निराधार,कोर्ट ने ससुर और देवर समेत चार को किया बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए ससुर और देवर समेत चार लोगो को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने विचारण के दौरान बहू के द्वारा लगाए गए आरोपो को निराधार मानते हुए यह फैसला सुनाया है। इस मामले में पैरवी करने वाले एडवोकेट आकाश तिवारी ने बताया कि मीरा शर्मा ने 16 दिसंबर 2022 को देहात थाने में अपने ससुर,देवर समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई थी कि मेरे हिस्से के ट्रैक्टर को बेचने और मेरे हिस्से में आई ट्यूब बेल की केबल को काटकर बाहर निकालने के बारे में कहने पर ससुर कैलाशचंद व देवर रघुनंदन ने न सिर्फ गाली गलौच की,बल्कि मुझे मारने पीटने पर आमदा हो गए। तभी वहां आए कन्हैयालाल, नीरज ने भी इसी बात को लेकर मुझसे गाली गलौच की। देहात थाना पुलिस ने चारो के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। करीब ढाई साल तक चले इस मामले में न्यायालय ने विचारण के दौरान बहू मीरा के द्वारा लगाए गए आरोपो को निराधार मानते हुए ससुर कैलाश,देवर रघुनंदन के साथ साथ कन्हैयालाल, नीरज को भी बाइज्जत बरी कर दिया।

# रात को घर में सो रही महिला से पड़ोसी ने किया रेप, आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रात को अपने घर में सो रही महिला से पड़ोसी युवक ने मौका पाकर दुष्कर्म कर दिया। यह घटना बडौदा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज करते हुए आरोपी को अरेस्ट कर लिया है और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। बड़ौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि 45 वर्षीय महिला शुक्रवार की रात को रोज की भांति अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी,जबकि उसका पति दूसरे गांव में एक किसान के यहां हाडी लगा है। पडोस में ही रहने वाला मेघराज केवट रात को मौका पाकर पीडिता के घर में घुस गया और महिला के साथ दुष्कर्म कर दिया। तभी पीडिता के देवर की नींद खुल गई। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। शनिवार को पीडिता ने परिजन के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में पीडिता की रिपोर्ट पर मेघराज केवट के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए उसे अरेस्ट भी कर लिया है।



# मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मनीष कुशवाह द्वारा जय स्तभ स्थित चौरासिया मेडिकल स्टोर का लाइसेंस सात दिवस के लिए निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

ड्रग इंस्पेक्टर कुशवाह ने बताया कि चौरासिया मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण के दौरान दवाओ का क्रय विक्रय रिकार्ड निमयानुसार नही पाये जाने पर उक्त फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने के चलते औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के प्रावधानों का पालन न करने पर मेडिकल स्टोर का लाईसेंस सात दिवस के लिए निलंबित कर दुकान बंद कराने की कार्यवाही की गई है।

# ईवीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, निर्वाचन पर्यवेक्षक इमरान खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# रायपुरा के निरंकारी सत्संग भवन में महिला समागम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संत निरंकारी सत्संग भवन रायपुरा श्योपुर में 31 अगस्त को निरंकारी महिला समागम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम में प्रचारक बहिन हरजिंदर कौर ग्वालियर मुख्य मंच से प्रवचन करेगी। यह जानकारी संत निरंकारी मंडल के जिला मीडिया अधिकारी हीरा नायक ने देते हुए शहर सहित जिलेभर के सभी प्रमुप्रेमी लोगो से इस समागम में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया है।

# दिव्यांग शिक्षक ने सड़क निर्माण पूरा होने तक मांगा दूसरे स्कूल में अटैचमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पार्वती जलावर्धन योजना के तहत खोदी गई पाईप लाईन के कारण स्कूल का रास्ता बंद हो जाने से परेशान दिव्यांग शिक्षक ने अपना अटैचमेंट अल्प समय अवधि के लिए ऐसे स्कूल में करने के लिए गुहार लगाई है जहां तक आना-जाना आसान हो।

कन्या उमावि श्योपुर में पदस्थ दिव्यांग शिक्षक लेखराज बंसल अपनी ट्राई साइकिल के माध्यम से रोज स्कूल आते हैं इन दिनों शिवपुरी रोड पर विगत एक पखवारा पूर्व पार्वती जलावर्धन योजना के तहत जो पाइपलाइन खोदी गई थी उसके कारण सड़क बेहाल हो गई है। स्कूल में आने जाने का रास्ता नहीं है छात्राएं तो जैसे तैसे कूद फांद कर निकल जाती है लेकिन दिव्यांग शिक्षक लेखराज बंसल को हमेशा ही इस ऊबड़खाबड़ रोड में अपनी ट्राइसिकल के पलट जाने का डर रहता है जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो सकते हैं, स्कूल आने जाने के दौरान ट्राइसिकल से गिरकर गंभीर रूप से चोटिल होने ओर जान का खतरा महसूस करते हुए शिक्षक लेखराज बंसल ने शिक्षा विभाग से गुहार लगाई है कि या तो जब तक कन्या स्कूल के गेट के आगे का रोड कंप्लीट न हो जाए तब तक उसे अवकाश दिया जाए या फिर उसे ऐसे स्कूलों में अटैच कर दिया जाए जहां आना जाना आसान हो सके और रोड बनने के बाद वापस उसे वापस कन्या उमावि में बुला लिया जाए। दिव्यांग शिक्षक की इस मांग पर शिक्षा विभाग पशोपेश में है, न तो विभाग दूसरे स्कूल में अटैच कर सकता है और न सड़क निर्माण की मांग पर अवकाश पर भेज सकता है। लेकिन शिक्षक की समस्या भी जायज है अगर उसके गड्ढे में गिर जाने से कोई दुर्घटना घटित होती है तो भी समस्या पैदा होना लाजमी है।



## वेतन नहीं मिलने पर खफा नगर पालिका कर्मचारी आंदोलन की राह पर

# आत्मनिर्भर के बजाए आश्रित बना दिया नगर पालिका को,अब वेतन के पड़े लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को संविदा कर्मी कर्मियों द्वारा वेतन को लेकर किया गया प्रदर्शन कोई नया नहीं है। यह समस्या पुरानी है हालांकि इस परिषद के कार्यकाल में यह समस्या और अधिक विकराल हुई है। कर्मचारियों को हर माह वेतन नहीं दिया जा रहा है सिर्फ सफाई कर्मचारी ही ऐसे हैं जिन्हें हर माह वेतन तो मिल रहा है लेकिन महीने के अंतिम सप्ताह में। इसके विरोध में शुक्रवार को संविदा कर्मचारी जिनमें अधिकतर सफाईकर्मी ही थे ने वेतन के लिए आंदोलन किया। नगर पालिका के दूसरे कर्मचारी ऐसे भी है जिन्हें दो माह बीतने के बाद ही वेतन दिया जा रहा है। वेतन की यह समस्या नगर पालिका की पुरानी है, इसके लिए परिषदों द्वारा नपा को आत्मनिर्भर बनाने के बजाए आश्रित बना देने वाली नीति है। आज नगरपालिका परिषद के पास वेतन बांटने के लिए टीटी (चुंगी क्षतिपूर्ति) ही मुख्य जरिया है, उसके अपने पास ऐसा कोई संसाधन नहीं है जिससे कर्मचारियों को वेतन दिया जा सके।

आज भी नगरपालिका के आधे से अधिक कर्मचारी ढाई माह से बिना वेतन के काम कर रहे नपा कर्मचारी कई बार आंदोलन कर चुके हैं लेकिन समस्या सुधरने के बजाए बिगड़ती चली गई। इस समस्या से निपटने के लिए परिषद ने कर्मचारियों दबाव डालने वाली नीति अपनाई जो ऐसी कारगर हुई की तीन तीन माह तक वेतन नहीं मिलने पर भी कर्मचारी विरोध नहीं कर रहे हैं।




### दशहरा त्योहार को देखते हुए लामबंद हो रहे कर्मचारी

जब से नई परिषद गठित हुई है तब से किसी भी त्योहार पर कर्मचारियों को चालू माह का वेतन नहीं दिया गया है इससे पहले दीपावली पर कर्मचारियों को बोनस बांटा जाता था लेकिन यह है तीसरा साल है जब कर्मचारी बोनस को छोड़ वेतन की ही उम्मीद लगाए बैठे हैं। ज्ञात हो कि विगत दो दीपावली ऐसी निकली है जिन पर कर्मचारियों को वेतन वितरण नहीं किया गया था। अब दशहरा का त्यौहार नज़दीक आ गया है उसके बाद दीपावली का त्यौहार भी आएगा जिसके चलते कर्मचारी अभी से लामबंद होना शुरू हो गए हैं।

### बकाया वसूली भी ठीक, फिर भी वेतन के लाले

नगर पालिका में विभिन्न करों से बकाया वसूली करीब 5 करोड़ बाकी थी जिसे नगर पालिका कर्मचारियों ने बीते 7-8 महीने में लगातार शिविर लगाकर बकाया वसूली को बहुत कम कर दिया है सबसे अधिक बकाया वसूली जलकर की 3 करोड रुपए थी जो अब एक करोड़ से भी कम रह गई है। कर्मचारी ऑफिस समय के अलावा बस्तियों में पहुंचकर शिविर लगाकर और द्वार द्वार दस्तक देकर वसूली कर मिल रहे राजस्व से नपा का खाली खजाना भर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी उन्हें वेतन समय पर नहीं मिल रहा है।

### इनका कहना है...

नगर पालिका के कर्मचारियों का वेतन शासन से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति पर आधारित रहता है जैसे ही चुंगी क्षतिपूर्ति राशि मिलती है सबसे पहले सफाई कर्मचारियों का वेतन बांटा जाता है इसके बाद दूसरे कर्मचारियों का वेतन वितरण किया जाता है। बकाया वसूली के कारण भी कर्मचारियों को वेतन समय पर देने में दिक्कत आ रही है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### सक्सेना का तबादला,पाटीदार होगे श्योपुर के नए जीएम

श्योपुर। बिजली कंपनी श्योपुर के महाप्रबंध का तबादला हो गया है। अब श्योपुर के नए जीएम लक्ष्मीनारायण पाटीदार होगे। प्रदेश स्तर से जारी तबादला आदेश के मुताबिक बिजली कंपनी श्योपुर के महाप्रबंधक राजेश सक्सेना का स्थानांतरण श्योपुर से ग्वालियर कर दिया है। जबकि उनकी जगह भोपाल में पदस्थ लक्ष्मीनारायण पाटीदार को श्योपुर बिजली कंपनी का महाप्रबंधक बनाया गया है। जिले के लोग उम्मीद जता रहे है कि नए जीएम के आने के बाद जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

### रक्तदान शिविर आज

श्योपुर। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर 31 अगस्त रविवार को आयोजित किया जाएगा। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं रक्तदान दाताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला रेडक्रॉस सचिव दिनेश राज दुबौलिया ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपील की है।

## खबर संक्षेप



### मिट्टी के धसकने से गड्ढे में डंपर गिरा, युवक की मौत

**बदरवास।** बदरवास थाना क्षेत्र के बामौर में क्रेशर के उपयोग के लिए पत्थर लेने आए डंपर में बैठे हेल्पर समझ पता की इससे पहिले वह पानी से भरी पत्थर खदान के गड्ढे में डंपर गिराए हेल्पर की मौत हो गाय। मामला बदरवास थाना क्षेत्र के बामौर गांव में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां क्रेशर के लिए पत्थर निकाले गड्ढे में डंपर मिट्टी धसकने गिर गया। हादसे में हेल्पर मनोज पाल निवासी बारई की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 4 बजे की है। बताया जा रहा है कि डंपर को लगाकर ड्राइवर चला गया और उसने हेल्पर मनोज पाल बैठा रहा इसी दौरान मिट्टी धसकने से खदान में वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी रखते ही बदरवास पुलिस मौके पर पहुंची एवं दम में पत्ते उक्त मनोज पाल के सबको निकाल उसके बाद पीएम करने के बाद सब परिजनों को सपोर्ट किया गया इस पूरे मामले में बदरवास पुलिस ने मारा दर्ज कर जांच शुरू करती गई है।

### बीना से गुजरने वाली 3 स्पेशल ट्रेनों के बढ़े फेरे

**बीना।** रेल प्रशासन ने आगामी त्योहारों को देखते हुए एवं यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बीना स्टेशन से होकर गुजरने वाली 3 स्पेशल ट्रेन का मौजूदा कोच संरचना, पथ और समय पर फेरों को विस्तारित किया है। जन संपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 09343 डॉ. अंबेडकर नगर - पटना स्पेशल ट्रेन को 25 दिसंबर एवं ट्रेन नंबर 09344 पटना - डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल को 26 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के संत हिरदारमनगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं सतना से गुजरती है। इसी तरह ट्रेन नंबर 04156 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल को 30 दिसंबर तक एवं ट्रेन नंबर 04155 सूबेदारगंज - उधना स्पेशल को 29 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना से गुजरती है। इसके अलावा ट्रेन नंबर 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल को 28 दिसंबर तक एवं ट्रेन नंबर 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को 29 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के संत हिरदाराम नगर एवं बीना से गुजरती है। जन संपर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन स्पेशल ट्रेन की विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाएं।

### गौ सेवकों ने किया घायल बैल का उपचार

**बीना।** शहर के गांधी चौक पर एक्सीडेंट में एक बैल घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर गौ सेवक मौके पर पहुंचे और घायल बैल उपचार कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली थी गांधी चौक के पास एक बैल का एक्सीडेंट हो जाने से बैल घायल हो गया है। सूचना मिलने पर गौ सेवा दल के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल बैल का उपचार किया।



### पेंशनर्स की मासिक बैठक आज

**बीना।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश मप्र की तहसील बीना के पेंशनर्स की मासिक बैठक आज शाम 4 बजे परिणय वाटिका नरसिंह मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं को रखा जाएगा। तहसील अध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि विगत दिनों विधायक निर्मला सप्रे के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश को पेंशनर्स की मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद 25 अगस्त को पीएम एवं मुख्यमंत्री नाम से संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय सांसदों द्वारा भेजा।

---

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत डाइट में आयोजन

# निबंध की प्रतियोगिता में वर्षा और सौरभ धाकड़ रहे पोस्टर के विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत विश्व जनसंख्या दिवस के परिपेक्ष्य में डाइट परिसर में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस पखवाड़े के तहत निबंध प्रतियोगिताए पोस्टर प्रतियोगिता एवं एडवोकेसी कार्यशाला आयोजित की गई। डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ के निर्देशन में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से चुनकर आए प्रतिभागी छात्र.छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा वर्षा जाटव ने प्रथम स्थान तथा पोस्टर प्रतियोगिता में शासकीय उमाविक क्रमांक 2 के छात्र सौरभ धाकड़ विजेता रहे। इस मौके पर डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ व निर्णायक मंडल में डाइट स्टाफ के अनिल चौबे, राजेश श्रीवास्तव, जितेंद्र गुप्ता, सुचिता लकड़ा, सरिता लोधी व पूजा शर्मा सहित डाइट के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



**एडवोकेसी कार्यशाला में डीपीसी ने समझाएं ट्रैफिक नियम**

डाइट में हुए एडवोकेसी प्रोग्राम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने यातायात के नियमों का उल्लेख करते हुए छात्र.छात्राओं को समझाया कि जीवन में स्वस्थ वास सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करना क्यों जरूरी है। डाइट में हुई रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन को लेकर छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाज की दिशा बदल रही है। ऐसी गतिविधियां उनके सोचनेएसमझने और प्रस्तुत करने की क्षमता को नई दिशा देती हैं। इस दौरान डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता राजेश श्रीवास्तव ने बाल अपराध तो वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र गुप्ता ने अधिकार एवं कर्तव्यों का ज्ञान छात्र-छात्राओं को दिया।

### सभी ब्लॉकों के प्रतिभागियों में से प्रथम,द्वितीय व तृतीय इनाम

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एम यू शरीफ ने बताया कि राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर पहले ब्लॉक स्तर पर स्कूलों में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से पहले व दूसरे स्थान पर चयनित होकर आए छात्र.छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की तरफ से वर्षा जाटव को प्रथम स्थान पर चुना गया वहीं विवेक पाठक द्वितीय एवं साधना चंदेल तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में शासकीय उमावि क्रमांक 2 के छात्र सौरभ धाकड़ प्रथम, सांदीपनी स्कूल शिवपुरी की वैष्णवी जाटव द्वितीय तथा कोलारस के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनवारी के प्रिंस लोधी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र.छात्राओं को डाइट प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

---

शिवपुरी नगरपालिका की अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई

# घोटाला उजागरः सीएमओ धाकड़ सहित पूर्व अफसरों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

नगरपालिका परिषद शिवपुरी में लंबे समय से चली आ रही अनियमितताओं और वित्तीय कदाचार के मामलों पर अब शासन स्तर से बड़ी कार्रवाई हुई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, भोपाल ने आदेश जारी कर तत्कालीन और वर्तमान तीन मुख्य नगरपालिका अधिकारियों (सीएमओ) को जिम्मेदार ठहराया है। इनमें वर्तमान सीएमओ ईशांक धाकड़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि पूर्व सीएमओ केशव सिंह सगर और शैलेष अवस्थी के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। कलेक्टर शिवपुरी द्वारा संचालनालय को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2022 से अब तक नगर पालिका शिवपुरी में कुल 743 निर्माण कार्य, जिनकी लागत 57.80 करोड़ रुपये है, या तो अधूरे हैं या शुरू ही नहीं हुए। कई कार्य निविदा प्रक्रिया के बाद भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं। वहीं कुछ पूर्ण कार्यों का भुगतान ठेकेदारों को 4 से 8 माह तक रोका गया, जबकि कुछ को 1झ2 माह में ही करोड़ों का भुगतान कर दिया गया।

रिपोर्ट में यह भी उजागर हुआ कि 11.47 करोड़ रुपये के भुगतान में से 5.09 करोड़ केवल दो फर्मों को दिए गए, जिससे अन्य ठेकेदार लगातार शिकायतें करते रहे। रिपोर्ट में कहा गया कि नगर पालिका कार्यालय में पारदर्शिता और अनुशासन का अभाव है। कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते और न ही अपनी कुर्सियों पर बैठते हैं। फाइलों की आवाजाही का कोई रिकॉर्ड नहीं रहता और कई फाइलें अध्यक्ष के घर पर पाई जाती हैं। पार्षदों ने भी इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी। परिषद और पीआईसी की बैठकों में बजट प्रावधान और नगरपालिका की वित्तीय स्थिति को दरकिनार कर करोड़ों रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए। निर्माण कार्यों के भुगतान में भी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया गया। कुछ कार्यों का भुगतान तीन माह में कर दिया गया, जबकि कुछ का तीसरे साल तक भी नहीं हुआ। कैशबुक की जांच में पाया गया कि एक ही फर्म को बार-बार एक लाख से कम की राशि में भुगतान किया गया। इससे ई-टेंडर प्रक्रिया की अनदेखी हुई और संस्था को आर्थिक हानि पहुंचने की आशंका जताई गई।

रिपोर्ट के अनुसार, नामांतरण के 520 प्रकरण लंबित पाए गए, जिनमें से 290 महीनों से एजेंडे में शामिल न होने के कारण अटके रहे। इसी प्रकार, भवन निर्माण स्वीकृति के 55 प्रकरण भी समयसीमा से बाहर लंबित थे। इनमें से कई प्रकरण बिना कारण अधिकारी स्तर पर रोके गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 से लेकर 2025-26 तक की कैशबुक अधूरी पाई गई। इसमें प्राप्तियों और बैलेंस का उल्लेख नहीं था और न ही राशि का उपयोग स्पष्ट था। साथ ही, परिषद बैठकों का प्रोसीडिंग रजिस्टर भी अध्यक्ष के निवास पर भेजे जाने की बात सामने आई। करीब 45 निर्माण कार्यों की फाइलें भी उपलब्ध नहीं मिलीं, जिसका कोई संतोषजनक जवाब सीएमओ की ओर से नहीं दिया गया। कलेक्टर शिवपुरी ने अपनी अनुशंसा में कहा कि अगस्त 2022 से अब तक पदस्थ रहे तीनों सीएमओ शैलेष अवस्थी, केशव सिंह सगर और वर्तमान सीएमओ ईशांक धाकड़ ने अव्यवस्था सुधारने के कोई ठोस प्रयास नहीं किए। इससे निकाय में अराजकता और अविश्वास का माहौल बना रहा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि नगरपालिका कर्मचारियों में सेवा भावना का अभाव है और वे अपने कार्यों के प्रति उदासीन बने हुए हैं। उपलब्ध अभिलेखों और कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग ने माना कि वर्तमान सीएमओ ईशांक धाकड़ की कार्यप्रणाली घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और शासन के प्रति निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। आदेशानुसार, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ग्वालियर संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में मुख्यालय भेजा गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह मामला एक बार फिर साफ करता है कि शिवपुरी नगरपालिका में वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और लापरवाही की जड़ें गहरी हैं। शासन की इस कार्रवाई से जहां कर्मचारियों और अधिकारियों में खलबली मच गई है, वहीं नागरिक अब उम्मीद जता रहे हैं कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और शहर की विकास योजनाएं पटरी पर लौटेंगी।

---

# रन्नौद नप में आवास योजना का निरीक्षण किसी भी पात्र को वंचित न रहने के प्रयास

**नोडल अधिकारी और सीएमओ ने वार्डों में घूमकर लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रन्नोद

नगर परिषद रन्नौद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2०0 के अंतर्गत यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे, नोडल अधिकारी लज्जाराम राजौरिया नायब तहसीलदार एवं सीएमओ रन्नौद विष्णु कुमार भदकारिया ने आदिवासी बाहुल्य वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के साथ.साथ वार्ड क्रमांक 4 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्डों में घूम-घूमकर लाभार्थियों की स्थिति का जायजा लिया और पात्र हितग्राहियों को योजना से जोडऩे के लिए प्रयास किए।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नवीन परियोजना की स्वीकृति का प्रस्ताव मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालयए वल्लभ भवन भोपाल को प्रस्तुत किया जाना है। इसी के मद्देनजर नगरीय निकाय रन्नौद में हितग्राहियों के आवेदनए पात्रता सर्वेक्षण और पुनरू जांच की कार्यवाही की जा रही है।

---

जिले के 3271 शासकीय शासकीय स्कूलों में 1 सितंबर को होगा आयोजन

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।

मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के निर्देश पर जिले के प्राथमिक विद्यालय से लेकर माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा महाविद्यालय तक में 1 सितंबर को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का वाचन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम जिले के 3271 अशासकीय व शासकीय स्कूलों में सोमवार को आयोजित किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का विमोचन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव द्वारा मप्र शिक्षक संघ द्वारा किए जा रहे छात्र हितएशिक्षा हितए शिक्षक हित एवं राष्ट्र हित में किए जा रहे कार्यक्रम की सराहना की गई। इस मौके पर मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़, सचिव अनिल गुप्ता,अनूप सिंह परिहार,बलवीर तोमर,रोहित मेहते,श्यामसुंदर शर्मा,नीरज बंसल व गिर्राज कुशवाहआदि मौजूद थे।

**छात्रों के चरित्र निर्माण,सेवा,संस्कार व भेदभाव रहित वातावरण का निर्माण**

विमोचन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौड़ का कहना था कि प्रदेश स्तरीय हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का मकसद जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन, सेवा समर्पण, संस्कार एवं भेद्भाव रहित वातावरण का निर्माण करना है। इसी के तहत विद्यालयों में सोमवार को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के विचार एवं भाव को लेकर विद्यालय के शिक्षक और अध्यनरत छात्रों द्वारा एक साझा संकल्प का वाचन किया जाएगा। उक्त संकल्प पत्र का वचन प्रार्थना के समय या फिर संस्था प्रधान की सहमति से आधा घंटे की अवधि में किया जाएगा। इसके लिए तहसीलए विकासखंड एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारियों को विद्यालय में संपर्क कर कार्यक्रम के आयोजन की फोटो ग्राफ वी वीडियो भेजने के निर्देश दिए गए हैं।



---

# महाराष्ट्र भवन में नागपुर ग्रुप ने दी भजन प्रस्तुति



बीना। महाराष्ट्र समाज के द्वारा गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को स्वरधारा हिंडोल पेंडसे ग्रुप नागपुर के द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सभी गायकों ने सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी। गायकों का सम्मान महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष संजय बापट,सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष अनंत आचवल, सचिव-सुभाष गुणे ने शाल एवं श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस मौके पर स्वर धारा द्वारा हिंडोल पेंडसे ने अपने स्वरो से अनूप जलोटा के मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार के बेहतरीन गीतो का प्रदर्शन किया गया। जिसमें मराठी भाषा, गीत, लावणी का भी गायकों द्वारा प्रदर्शन किया गया। यामिनी पायघन गायिका ने भी मराठी व हिन्दी गीतों को गया।

### श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा आज

**बीना।** शहर के खिरिया वार्ड में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा वार्ड के खारा कुआं से शुरू होकर वार्ड में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची जिसके बाद कथा का शुभारंभ हुआ। जानकारी अनुसार आयोजक श्री शिव शंकर गणेश उत्सव समिति एवं समस्त खिरिया वार्डवासियों के द्वारा वार्ड के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 4 सितंबर को होगा। कथा का वाचन कथा व्यास रूपराम शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। कथा के पहले दिन कथा व्यास शास्त्री ने भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का प्रसंग सुनाया। उन्होंने गोकर्ण जी के माध्यम से धुंधकारी की मुक्ति के प्रसंग पर नजर डालते हुए भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवत श्रवण कर प्रेत की मुक्ति हो सकती है, तो क्या जीवित अवस्था में कथा सुनेंगे तो संसार के मानवों की मुक्ति नहीं हो सकती है। कलश यात्रा एवं कथा के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



---

सामाजिक संकल्प सेन सामुदायिक संस्कृति भवन का हुआ भूमि पूजन

# जमीन दान करना बड़ी बात, मैं दानकर्ता का आभार व्यक्त करता हूंः राजेश्वर सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

छोटी बजरिया स्थित पेंशन ऑफिस के पास सेन समाज के द्वारा निर्माण किए जाने वाले सामाजिक संकल्प सेन सामुदायिक संस्कृति भवन का शनिवार को भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त भवन का निर्माण कार्य नागेश वर्मा ने अपने पिता स्वः सिद्धनाथ वर्मा की स्मृति में दान की गई भूमि पर भवन निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर समाज के सभी बंधुओ ने वर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया।



ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद रेलवे इंस्टीट्यूट में सामाजिक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेश्वर सेन, प्रदीप सेन गुना, कमलेश सेन (रेलवे सलाहकार सदस्य ), जमना सेन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, पुष्पा काशिव, अजय सेन, राजधर सेन, दर्शन सेन मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश्वर सेन ने कहा कि आज के परिवेश में जमीन दान करना बड़ी बात होती है मैं भूमि दान कर्ता का आभार व्यक्त करता हूं।

इस दौरान प्रदीप सेन ने कहा कि कलम से बड़ी कोई ताकत नहीं होती। शिक्षा के क्षेत्र अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। कमलेश सेन ने कहा कि बीना सेन समाज ने नज़ीर दी उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आज के परिवेश कोई एक इंच जमीन भी नहीं दे सकता। ऐसे भवन के लिए जमीन देना बड़ी बात है। समाज उनका हमेशा ऋणी रहेगा।

---



# हजारों श्रद्धालुओं ने लगाया भैरो बाबा को दूध, दही और मक्खन का भोग

**कोलारस।** कोलारस से महज 10 किमी दूर स्थित भैरो बाबा के दो दिनी मेले में पहले दिन शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पंहुचकर दर्शन किए। बाबा को दूध-दही एवं मक्खन का भोग लगाने के साथ साथ घंटे भी चढ़ाए। शुक्रवार को मालवा क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जत्थे भैरो बाबा के जयकारे लगाते हुए पहुंचे। भगवान भोलेनाथ के परमभक्त भैरों बाबा का समूचे प्रदेश में यह एक मात्र ऐसा मंदिर है। जहां बाबा की 12 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित है, जिनके दर्शन करने के लिए भक्तों को घंटों तक कतार में लगना पड़ता है। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भजन व कीर्तनों का दौर शुरू हुआ, जो शनिवार की देर रात तक चलेगा। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कोलारस एसडीओपी संजय मिश्रा, कोलारस टीआई रवि चौहान एवं तेंदुआ थाना प्रभारी नीतू धाकड़ पुलिस अमले के साथ मुस्तैद देखे गए। भादौं शुक्ल पक्ष में आयोजित भैरों बाबा के दो दिनी मेले में कोलारस विधानसभा क्षेत्र के अलावा मालवा अंचल के ईशागढ़, अशोकनगर, खतौरा, बदरवास सहित अन्य गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अल सुबह से ही मालवा अंचल के श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। अधिकांश श्रद्धालु जीप.कारों, बाईकों व ट्रैक्टर.ट्रालियों से पहुंचे, वहीं तमाम श्रद्धालुओं के जत्थे पैदल ही हाथों में धर्म पताकाएं लिए बाबा के दरबार में पहुंचे।

---

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया**


# ‘टीम भावना और सकारात्मक सोच से सफलता’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास

हॉकी के ज़ादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन पर अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता का आयोजन बदरवास के बारई रोड़ स्थित बीटी पब्लिक स्कूल परिसर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने रस्साकस एवं दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीआरसीसी अंगदसिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, पुलिस थाना बदरवास से एएसआई किरण सोनी, दीपक शर्मा, वर्षा कबीरपंथी सहित विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि शिक्षक उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन बीटी पब्लिक स्कूल संचालक घनश्याम शर्मा ने किया। बीआरसीसी तोमर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि त्वरित निर्णय क्षमताए मानसिक स्थिरता, शारीरिक स्फूर्ति, निरंतर अभ्यास, टीम भावना और सकारात्मक सोच ही एक खिलाड़ी को जीत दिलाती है। तोमर ने बताया कि उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में प्रतिष्ठित सिंधिया स्कूल में अध्ययनरत रहते खेलों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चतुर्वेदी जी ने इस आयोजन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया और बदरवास में खेलों के विस्तार के लिए और प्रयासों की अपेक्षा जाहिर की। बदरवास पुलिस थाने के प्रतिनिधि दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को कहा कि मेडल प्राप्त करने वालों को बधाई और जिन्हें मेडल नहीं मिल पाया वो आगे प्रयास जारी रखें और निराश न हों। दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को मोबाइल का प्रयोग दुरुपयोग न करने की सलाह भी दी और अपनी संगत को सुधारने को कहा।



**निजी स्कूल में एयर पिस्टल शूटिंग सहित विविध प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल**



**कोलारस।** कोलारस के एक निली स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालय परिसर में खेल भावनाए उमंग और जोश के साथ कबड्डीए लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ प्रतियोगिताएं, रस्सी कूद, एयर पिस्टल शूटिंग और अन्य रोचक खेलों का आयोजन किया गया। एयर पिस्टल शूटिंग गतिविधि ने विद्यार्थियों के बीच विशेष आकर्षण पैदा किया। जिसमें बच्चों ने अनुशासनए एकाग्रता और धैर्य का शानदार परिचय दिया। सभी छात्र-छात्राओं ने खेलों में सक्रिय रूप से भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में रौनक, पियूष, निहाल, ऋषभ, प्रशांत, संजना और मोनिका और आदर्श ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। एयर पिस्टल शूटिंग में भी कई विद्यार्थियों ने अपनी निशानेबाजी की अद्भुत प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। खेल मैदान में चारों ओर ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। छात्र.छात्राओं की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए शिक्षक और अन्य विद्यार्थियों ने लगातार तालियों और नारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहे। विद्यालय परिवार ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का यह उत्सव अगले दो दिनों तक जारी रहेगा। आने वाले दिनों में वॉलीबॉल, रस्साकशी, क्रिकेट और अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनमें टीम भावनाए अनुशासन तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। विद्यालय प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं। खेल से न केवल शारीरिक स्फूर्ति मिलती है। बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष शीलता भी विकसित होती है। राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का यह आयोजन विद्यालय के इतिहास में एक प्रेरणादायी अध्याय के रूप में यादगार रहेगा।